छत्तीसगढ़ शासन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
(COVID-19)

# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 13 मई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज हुए 67 हजार से अधिक सैम्पलों की जांच पॉजिटिविटी दर 13 प्रतिशत पर पहुंची

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर पिछले एक सप्ताह से लगातार घट रही है। आज 13 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 13 प्रतिशत है। 13 मई को प्रदेश भर में हुए 67 हजार 738 सैंपलों की जांच में से 9121 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## कोरबा में खुला प्रदेश का 11वां वायरोलॉजी लैब, स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने किया वर्चुअल लोकार्पण

- लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज कोरबा जिला मुख्यालय में कोरोना सैंपलों की आरटीपीसीआर जांच के लिए वायरोलॉजी लैब का ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस नए लैब को मिलाकर अब प्रदेश के 11 शासकीय लैबों में आरटीपीसीआर जांच की सुविधा हो गई है। कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए प्रदेश में लगातार सैंपल जांच की संख्या बढ़ाई जा रही है। इसकी सुदृढ़ व्यवस्था के लिए नए आरटीपीसीआर जांच केंद्र और ट्रू-नाट लैबों की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में पिछले दो हफ्तों में चार नए वायरोलॉजी लैब शुरू हुए हैं। इस दौरान महासमुंद, कांकेर और कोरबा के नए मेडिकल कॉलेजों के साथ ही कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में आरटीपीसीआर जांच की सुविधा विकसित की गई है।

## सीजी टीका वेब पोर्टल में 72 हजार से ज्यादा लोगों ने कराया पंजीयन टीका लगवाने के लिए अब नहीं लगेंगी लम्बी लाइनें

- कोरोना से बचाव के लिए राज्य के 18 से 44 आयु के सभी वर्ग के लोगों के लिए सुविधाजनक तरीके से टीका लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने सीजी टीका वेबपोर्टल के शुभारंभ के 24 घण्टें के भीतर आज 13 मई को दोपहर 6 बजे तक 79 हजार 433 लोगों ने अपना पंजीयन कराया लिया है, इसमें 977 अंत्योदय, 8 हजार 671 बीपीएल, 2 हजार 736 फ्रंट लाईन वर्कर और 67 हजार 049 एपीएल श्रेणी के लोग शामिल है। टीकाकरण के लिए वेबपोर्टल में पंजीयन की प्रक्रिया सतत रुप से जारी है।

- छत्तीसगढ़ सरकार की इस अभिनव पहल से लोगों को अब कोरोना का टीका लगवाने के लिए न तो लम्बी लाइनें लगानी पड़ेंगी न ही समय गंवाना पड़ेगा। सीजी टीका वेब पोर्टल में पंजीयन के लिए लिंक http://cgteeka-cgstate-gov-in/user&registration या http://cgteeka-cgstate-gov-in पर जानकारी अपलोड करनी होगी। पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संबंधित व्यक्ति को टीकाकरण के स्थान और समय की जानकारी एसएमएस के जरिए मिल जाएगी।

- जिन लोगों के पास मोबाइल अथवा नेट कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोगों के पंजीयन के लिए कलेक्टर द्वारा पंचायत मुख्यालयों, नगरीय निकायों एवं नगर निगम सहित अन्य सुविधाजनक स्थानों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे, जहां लोग अपना पंजीयन करा सकेंगे।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना टेस्टिंग का नया रिकार्ड, 12 मई को हुई 71 हजार से अधिक सैम्पलों की जांच

- छत्तीसगढ़ में 01 मई 2021 के बाद कोरोना संक्रमण की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। तब से लेकर अब तक जहां प्रतिदिन नये मामलों में कमी हो रही है, वहीं संक्रमण दर भी लगातार घट रही है। इन 12 दिनों में पाजिटिविटी दर 26.1 से घट कर अब 14 प्रतिशत रह गई हैं।

- अस्पतालों में सभी तरह के बिस्तरों और आक्सीजन की उपलब्धता बढ़ने के साथ-साथ टेस्टिंग और टीकाकरण में भी तेजी आई है। राज्य ने प्रतिदिन किए जा रहे टेस्ट में नया रिकार्ड कायम किया है। 12 मई को एक दिन में 71 हजार 138 से टेस्ट किए गए।

- छत्तीसगढ़ में बीते 1 मई को जहां कोरोना संक्रमण के 15 हजार 905 नये मामले सामने आए थे, वहीं 12 मई को 10 हजार 150 नये मामले दर्ज किए गए। 12 दिन पहले तक राज्य के अस्पतालों में जहां खाली बेड उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे, वहीं कल 12 मई की स्थिति में 318 वेन्टीलेटर बेड, 852 आई.सी.यू. बेड, 750 एच.डी.यू. बेड, 6364 ऑक्सीजन बेड एवं 11,883 अन्य बेड उपलब्ध थे। राज्य में शुरु से आक्सीजन की कमी नहीं रही है। सुविधाओं में किए जा रहे विस्तार के कारण अब संभावित कोरोना संक्रमितों की प्रतिदिन जांच का आंकड़ा भी बढ़ा है। 12 मई को राज्य ने 71 हजार 138 लोगों की जांच कर नया रिकार्ड कायम किया है।

## 18 से 44 आयु वर्ग का टीकाकरण

## आज दिनांक 13 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 3,69,768 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है।

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 918 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 42876 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 4857, बीपीएल के 23349, एपीएल के 5514, फ्रंटलाइन वर्कर के 9156 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

## नर्स मां से प्रेरित होकर बेटी भी कर रही अबूझमाड़ में सेवा<br>मरीजों से संवाद के लिए सीखी गोंडी

- नारायणपुर की अंशु नाग अबूझमाड़ इलाके में गत सात सालों से बतौर नर्स अपनी सेवाएं दे रही हैं। उनकी मां भी नर्स थी और अब रिटायर हो चुकी हैं। मां को लगन से सबकी सेवा करते देख और लोगों से मिले सम्मान और प्यार को देखकर उन्होने भी इसी पेशे को अपनाया। यहां के स्थानीय आदिवासियों का इलाज सही तरीके से करने एवं उनसे संवाद के लिए गोंडी बोली भी सीखी। जब उनकी मां शीला, शासकीय सेवा में थी तब नारायणपुर शहर में अधिकांश प्रसव (डिलीवरी) उन्ही के हाथों हुआ करते थे। लोगों में इतना विश्वास होता था कि अमीर-गरीब सभी परिवार प्रसव के लिए इनके पास ही आते थे।
- अब उनकी बेटी कुतुल, कोहकामेटा समेत दर्जनों गांव के ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ ही कोविड वैक्सीन भी लगाती हैं। अंशु ने तीन बार मौत को सामने देखा, उनके सामने ही तीन बार आई ई डी बम फटा और जवान भी शहीद हुए लेकिन निडरता के साथ वे सेवा करती रहीं। वे कीचड़ से सने रास्तों के बीच, कमर से ऊपर तक भरे नदी-नालों को पार कर माड़ के गांवों में पहुँचकर स्वास्थ्य सेवा दे रही हैं। कोरोना वायरस से जब वह संक्रमित हुई तो होम आइसोलेशन में रहकर अपनी रिटायर्ड नर्स मां की देखरेख में स्वस्थ होकर फिर से अबूझमाड़ के लोगों का दर्द साझा करने में जुट गई है। अंशु ने बताया कि पिछड़ेपन की वजह से ग्रामीणों में जागरूकता की कमी है। जिसकी वजह से अंदरूनी इलाकों में महिलाओं और बच्चों को विशेष देखरेख की आवश्यकता है। अंशु का मानना है कि जीवन में जितना हो सके अच्छा काम करना है और वे उसी सेवा भाव से जुटी रहती हैं।

# कोविड-19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 9121 |
| | | कुल | 892331 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 1455 |
| | | कुल* | 137031 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 10819 |
| | | कुल* | 624561 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 12274 |
| | | कुल | 761592 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 119450 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु<br>कुल - 195 | कोविड-19 | 92 |
| | | को-मॉर्बिडिटी के साथ | 103 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 67,738



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →



# छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 13-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 278 | 93373 | 145 | 12767 | 359 | 74714 | 87481 | 4240 | 34 | 1652 |
| 2 | राजनांदगांव | 252 | 54017 | 58 | 11611 | 862 | 37528 | 49139 | 4429 | 5 | 449 |
| 3 | बालोद | 250 | 24520 | 82 | 7370 | 319 | 13469 | 20839 | 3372 | 6 | 309 |
| 4 | बेमेतरा | 144 | 18628 | 16 | 3056 | 214 | 13314 | 16370 | 2058 | 7 | 200 |
| 5 | कबीरधाम | 220 | 21018 | 5 | 2040 | 308 | 14901 | 16941 | 3853 | 2 | 224 |
| 6 | रायपुर | 655 | 151866 | 154 | 26669 | 644 | 113522 | 140191 | 8758 | 28 | 2917 |
| 7 | धमतरी | 196 | 23953 | 58 | 1995 | 458 | 18080 | 20075 | 3415 | 8 | 463 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 622 | 37409 | 53 | 7464 | 204 | 23961 | 31425 | 5625 | 10 | 359 |
| 9 | महासमुंद | 296 | 28112 | 79 | 3368 | 362 | 20063 | 23431 | 4387 | 5 | 294 |
| 10 | गरियाबंद | 251 | 17635 | 90 | 3185 | 278 | 12180 | 15365 | 2106 | 1 | 164 |
| 11 | बिलासपुर | 433 | 61846 | 78 | 5613 | 573 | 48297 | 53910 | 6913 | 17 | 1023 |
| 12 | रायगढ़ | 721 | 55071 | 76 | 9981 | 1290 | 33694 | 43675 | 10674 | 13 | 722 |
| 13 | कोरबा | 462 | 49340 | 34 | 3840 | 621 | 37056 | 40896 | 7975 | 9 | 469 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 583 | 50088 | 63 | 6827 | 552 | 32972 | 39799 | 9690 | 8 | 599 |
| 15 | मुंगेली | 445 | 20852 | 26 | 748 | 408 | 14226 | 14974 | 5762 | 3 | 116 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 230 | 9710 | 38 | 493 | 278 | 6146 | 6639 | 2992 | 4 | 79 |
| 17 | सरगुजा | 472 | 26660 | 46 | 2917 | 580 | 19167 | 22084 | 4379 | 1 | 197 |
| 18 | कोरिया | 383 | 20213 | 9 | 1313 | 725 | 13512 | 14825 | 5270 | 4 | 118 |
| 19 | सूरजपुर | 535 | 21881 | 26 | 1667 | 297 | 14950 | 16617 | 5136 | 14 | 128 |
| 20 | बलरामपुर | 426 | 14599 | 24 | 1275 | 473 | 9510 | 10785 | 3730 | 2 | 84 |
| 21 | जशपुर | 394 | 20827 | 139 | 3425 | 500 | 12277 | 15702 | 4986 | 5 | 139 |
| 22 | बस्तर | 267 | 16428 | 32 | 3608 | 129 | 10870 | 14478 | 1807 | 3 | 143 |
| 23 | कोंडागांव | 100 | 10789 | 7 | 1429 | 255 | 7660 | 9089 | 1615 | 2 | 85 |
| 24 | दंतेवाडा | 69 | 8598 | 30 | 3673 | 46 | 4301 | 7974 | 605 | | 19 |
| 25 | सुकमा | 59 | 5220 | 28 | 2791 | 8 | 2071 | 4862 | 344 | | 14 |
| 26 | कांकेर | 295 | 20874 | 27 | 2656 | 69 | 13520 | 16176 | 4516 | 3 | 182 |
| 27 | नारायणपुर | 31 | 2925 | 26 | 1945 | 0 | 534 | 2479 | 436 | | 10 |
| 28 | बीजापुर | 49 | 5218 | 4 | 2772 | 7 | 2066 | 4838 | 351 | | 29 |
| 0 | अन्य राज्य | 3 | 661 | 2 | 533 | 0 | 0 | 533 | 26 | 1 | 102 |
| **महायोग** | | **9121** | **892331** | **1455** | **137031** | **10819** | **624561** | **761592** | **119450** | **195** | **11289** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

